श्री जानकीवल्लभाय नमः
श्रीमन्मारुतनन्दनाय नमः
श्रीमद्रामानन्दाचार्याय नमः

श्री जयपुर गलतागाद्याधीश्वर श्री सीताराम रसिकाचार्य अनन्त श्री स्वामी मधुराचार्य महाराज प्रणीता—

श्री माधुर्यकेलि कादम्बिनी

भावबोधिनीं टीकाकार
श्री भट्टप्रदेव वंशावतंश

श्री श्री १०८ श्री स्वामी सियाशरणजी महाराज मधुकरके श्री चरणकमलभ्रमर जानकीशरण मधुकर श्री चारुशीलामन्दिर श्री चारुशीला बाग श्री जानकी घाट श्री अयोध्याजी

प्रकाशक :—
श्री मैथिलीशरणजी
एवं
श्री मदनलाल चितलांगिया
४०, स्ट्रांड रोड, कलकत्ता-७

अर्थ :—मनरमणीय गर्मजल से भरे हुए कुंडादि भवरों के स्वर के कल्लोल से पक्षियों के भी नृत्य कल्लोल से गूँजित जल विहार की नौकाएँ अनेक प्रकार के मन्दिरों से शोभित हैं ॥ ३९९ ॥

सर्वतो रत्न सौधानि मणि हेममयानिच।
धारा गृहाणि मुक्तानां तप्त निर्झर वारिभिः ॥४००॥

अर्थ :—चारों तरफ रत्नमय, सुवर्णमय, मणिमय महलों की पंक्ति कहीं पर धारा गृह्य और गर्म जल के फुहारों से बने हुए तथा मुक्ता गृह्य ॥ ४०० ॥

धारा गृहाण्येव मनोहराणि सुधांशु कर्पूर निभानिकानि।
सहस्र लक्ष्यायुत चार्बुदानि धाराभिराच्छादित काननानि ॥४०१॥

अर्थ :—मनोहर जल की धाराओं के महल जो चन्द्रमा और कपूर के समान क्रमशः प्रकाशमान और सुरक्षित हैं ऐसे हजारों, लाखों, करोड़ो, अरबों महल बहुत से जल फुहारों से ढके हुए अनेक प्रकार के महल तथा बन हैं ॥ ४०१ ॥

श्रीमत्सरय्वा जल पूरितानि सुगन्ध पुष्पैश्च सुवासितानि।
मुखैस्सहस्रै रूप लक्षितानि कुंजानि चित्राणि नवाम्बुदानि ॥४०२॥

अर्थ :—ये सब फुहारें श्री सरयूजी के जल व पुष्पों की सुगन्ध से सुगन्धित चित्र-विचित्र कुंजों में नवीन अद्भुत मेघ की तरह से हजारों मुख से बरसते हुए दीखते हैं ॥ ४०२ ॥

शब्दैरनेकैरनुभान्ति वाद्यैः कलरवनैः कुक्कुट वर्हिणाञ्च।
धारा निपातैश्च समुत्सुकानां सखीगणानां मृदुराग गायनैः ॥४०३॥

अर्थ :—जल कुकुट, मोर तथा अत्यन्त उत्साहपूर्ण सखियों के मृदुरागपूर्ण गान और बाजों की आवाज से अनेक प्रकार की जल धाराओं के गिरने से अनेक प्रकार के शब्दों का अनुभव इस स्नान कुंज में हो रहा है ॥ ४०३ ॥

बर्षन्ति सीकरा नालिर्झरा रम्यशिलासु च।
कर्णानि वसुधायास्तद्रूप हृष्टो नभो मुदे ॥४०४॥

अर्थ :—वर्षा की जल बून्दों से तथा नालों में पत्थरों के टकराने से और पृथ्वी के रंग के इस रूप सौन्दर्य से आकाश और कान आनन्द से भर गये ॥ ४०४ ॥

रामो दीव्यति सस्त्रीको रम्य निर्झर वारिषु।
सीकरा वदने भान्ति विविधा वसुधा कणाः ॥४०५॥

अर्थ :—इस प्रकार की रमणीय शोभा में जल के झरनों के भीतर पत्नियों के सहित श्रीरामजी अद्भुत प्रकाशमान सुशोभित हो रहे हैं। मुखचन्द्र में जल के शीकर झलक रहे हैं। रंग बिरंग की भूमि में अनेक प्रकार की जल की शोभा हो रही है ॥ ४०५ ॥

कापि प्रियस्य जग्राह कंठं चारु तरा नना ।
पीनस्पष्ट कुचाक्रान्ता निमज्जात भयादिव ॥४०६॥

अर्थ :—हे सुन्दरानने कोई प्रीतम के कंठ को पकड़ी हुई प्रीतम द्वारा पुष्ट बक्षस्थल से आक्रान्ता है, हमको कोई देख न ले इस भय से मानों जाल में छिप गयी ॥ ४०६ ॥

चुचुम्ब कापि तद्वक्त्रं मन्त्र व्याजेन सुन्दरी ।
निधाय कापि तत्स्कन्धे बाहुं मंजु कलं जगौ ॥४०७॥

अर्थ :—कोई सुन्दरी मन्त्र सुनाने के बहाने से प्रीतम के मुख को पकड़कर चूमती है। कोई प्रीतम के कन्धों पर भुजा डालकर सुन्दर स्वर मिला कर गारही है ॥ ४०७ ॥

विजगाहे जले काचिद् गृह्य बाहुं सुबाहुना ।
जलयन्त्रैः प्रियंकाचिच्छिषि चे मदविह्वला ॥४०८॥

अर्थ :—कोई प्रिया अपनी सुभुजा से प्रीतम की बाँह को पकड़कर जलधारा को पार कर रही है। कोई प्रेममद विह्वला प्रिय को जल-यन्त्रो से सींच रही है ॥४०८॥

चन्द्राननेऽलकाकीर्णाः मञ्जु सीकर चारवः ।
रान्ति भोगि सुता रत्नं शंके पीयूष लालसाः ॥४०९॥

अर्थ :—प्रीतम के मुखचन्द्र में सुन्दर जुल्फें आच्छादित हैं और उन अलकों से सुन्दर जल के कण बिखर रहे हैं मानों अमृत के लोभ से नागिनीयाँ चन्द्रमा को रत्न दे रही हों ॥ ४०९ ॥

आगतः शशिना सार्धं शुचिर्जाने सुरत्नकः ।
मन्ये श्रृंगार हस्तीति करेण ददते मणीन् ॥४१०॥

अर्थ :—हे जाने, ऐसा जान पड़ता है कि श्रृंगार रस बहुत से रत्न लेकर चन्द्रमा के साथ आया है, अथवा श्रृंगार रस रूपी हाथी अपनी सूड़ से चन्द्रमा को मणि दे रहा है ॥ ४१० ॥

शङ्के शुचिर्नृप वराङ्कुतराज पुत्रः स्नानाय निर्झर तनुं सरसंचकार ।
कर्पूर दुग्ध सुसुधारसवारि गन्धः मुञ्चन्मुहुर्घन इवाति रसप्रवीणः॥४११॥

अर्थ :—हे सखि ऐसा बूझ पड़ता है कि अत्यन्तर सीला श्रृंगार रस अद्भुत श्री चक्रवर्ती राजकुमार होकर झरना में स्नान के लिए (अपने शरीर को) फुहारों से कपूर, धूप, अमृत रस और सुगन्धित जल इनकी धारा को मेघ की भाँति झरनों से बहाकर स्नान कर रहे हों। क्योंकि आप रसभोग के चतुर हैं। यहाँ पर अलकावली झरना है श्री विग्रह श्रृङ्गार रस रूप पुरुष हैं और उन बालों से जो जल टपकता है वही विविध प्रकार की वर्षा हो रही है ॥ ४११ ॥

प्रायोमलय वृक्ष रसं पिवन्ति पत्न्यः सुमुखि भोगिगणस्थ नित्यम् ।
कपूर गात्राः सखि सर्व गन्धा स्तदंग गन्धोत्थ मुखास्सुसात्विकाः ॥४१२॥

अर्थ :—हे सुमुखि सखि ! प्रायः सर्पों कि पत्नियाँ मलय बृक्ष के ही रस को नित्यपान करती हैं । परन्तु हे सखि । श्री प्रीतम के अंग से उत्थित जो गन्ध है उसी को पान करती हुई मानों प्रीतम के ही अंग को चन्दन बृक्ष मान कर वे नागिनियाँ सात्विक भाव से भरी हुई सुगन्धित मुख वाली हो रही हैं ।

यहाँ श्री प्रीतम ही मलयतरु और नागकन्या ही सखियाँ नागिनियाँ हैं और प्रीतम के अंग की सुगन्ध ही मलय चन्दन की सुगन्ध है ॥ ४१२ ॥

निरीक्ष्य रूपं शुभलोलनेत्राः मग्नावभुवुः किल लोकबाह्याः
आर्द्रालकान्सो धयतो नुरागात् परस्परं तौ करपङ्कजाभ्याम् ॥४१३॥

अर्थ :—दोनों प्रियाप्रीतम परस्पर अत्यन्त अनुराग पूर्वक भींजी हुई अलकावलियों को करकमलों से निचोड़ने और सुधारने लगे तो उस दृश्य को देखने वाली अत्यन्त चञ्चल नेत्रों से इस रूप की झाँकी को देख ऐसी आनन्द मग्न हुई की उनको बाह्यलोक ज्ञान ही नहीं रह गया ॥ ४१३ ॥

जाने सुधांशुं सहजं हि वैरं त्यक्त्वा सरोजानि सुपूजयन्ति ।
लीनौ प्रिये तु किल नीलपीत पटो मिथोऽङ्गानि सुविम्बितानि ॥४१४॥

अर्थ :—हे प्राणवल्लभे सखि ! मालूम पड़ता है कि कमल अपने सहज बैर को त्याग कर चन्द्रमा की पूजा कर रहे हैं । हे प्रिय सखि मानो नील और पीत वस्त्रों के भीतर दोनों सरकार प्रतिबिम्बित हो कर लीन हो गये हों ॥ ४१४ ॥

पदावभूतांकिमुदम्पतीतौ रसांगराशेः सखिभोक्तुकामौ ।
मनोहरांगच्छवि माधुरींतां निरीक्ष्यतश्चन्द्र चकोररूपौ ॥४१५॥

हे सखि अनुराग की महान पदवी को प्रकाशित करने व अंग-प्रत्यंग सर्वाङ्ग भोग करने की कामना से ही क्या इन दोनों ने दम्पत्ति का रूप धारण किया है ? जो मनोहर अंग माधुरी छवि को देख कर परस्पर चन्द्रचकोर हो गये हैं । वास्तव में दोनों एक ही तो हैं, रामसीता है, सीता राम है ॥ ४१५ ॥

बभूवतुः कापि सखी निधाय स्वांङ्के मुहुस्तद्युगलं बिलोकते ।
भुजौमृगाली सुकचास्तु शैवला दृशौ सुमीनौ वदनं हिपंकजम् ॥४१६॥

अर्थ :—कोई सखो सरोवर बन गयी और दोनों सरकार को अपनी रूपमाधुरी अंक में बुड़ाकर देखने लगी तो भुजायें कमलनाल हो गयी, मुख कमल हो गया, और शिर के बाल शेवार हो गये, नेत्र मछलियाँ हो गयीं ॥ ४१६ ॥

प्रियेनितम्बस्तु शिलातलोऽस्ति कुचौसुकोकौ सलिलं स्वरूपम् ।
लावण्य-भंङ्गो बनिता सरोऽस्ति तत्स्तान शुद्धःसखि भाति रामः॥४१७॥

अर्थ :—हे प्रिय सखि! स्त्रियाँ तो तालाब हैं। उनकी सुन्दरता, सुकुमारता और लावण्यता ही लहरें हैं। और उनके नितम्ब ही सरोवर में कूदने का पत्थर चट्टान है। बक्षोज चकवा चकवी हैं, रूप सौन्दर्य सरोवर का जल है। हे सखि उस सरोवर में स्नान करने से श्री रामजी शुद्ध हो गये अत: वे अब बहुत अच्छे पुण्यात्मा हो गये॥ ४१७॥

सख्य:सुके शान् मृदु साधयन्ति स्वारोप्य किम्बा रस जाल मारात्।
मनोमय जालं बिधाय सम्यक् प्रशार्य्य लोके विविधाऽछरौधान्॥४१८॥

अर्थ :—सखियाँ प्रियाप्रीतमजी के शिर के कोमल बालों को कंघी से सुसज्जितकर रहीं हैं। मानों प्रीतम ने अपने समीप में श्रृङ्गार रस का जाल बिछा रखा हो, अथवा मनोजमय जाल बिछा रखा हो, अथवा विविध प्रकार के काम के वाणों को लोक में फैला रखा हो॥ ४१८॥

शौचामज्जनवस्त्रयावककचधुत्यंग रागामलः,
श्रीमद्भूषणबृन्दमंजुवदन श्रीगन्धरागैः प्रिये।
श्रीनेत्राञ्जन चारुहास्य वचनैर्गत्यालि संभूषितौ,
पातिव्रत्य कटाक्ष वृन्द पटलैश्चातुर्य्यकैर्दम्पती॥४१९॥

अर्थ :—हे प्रिय सखि। दोनों सरकार को सखियों ने दन्तधावन, तेल, उबटन, स्नान, वस्त्र, महावर, चोटीगूथना, अंग राग लेपन, निर्मल प्रकाशमान भूषण समूह, मुखचन्द्र में तिलक, सुगन्धित पदार्थ इत्तर चन्दनादि, नेत्राञ्जन, महावर आदिक रागों से सुन्दर श्रृंगार करके फिर अपनी सुन्दरगति चाल से अपनी पातिव्रत धर्मानुकूल चातुरी के हास्ययुक्त वचन और कटाक्ष वृन्दों से पूर्ण श्रृंगार किया॥ ४१९॥

इत्थंश्रीनृपराजराजतनया वन्योन्य जीवातुकौ,
श्रृंगारैर्नवसप्तभिर्विलसितौ संवीक्ष्य संवीक्ष्यच।
एकैकाङ्गकलासुनारिनयना मज्जन्ति नीव्योमुहु,
विस्रंसन्ति सम्मचलन्ति सुकचा रोमाञ्चमुज्जृम्भते॥४२०॥

अर्थ :—दोनों राजेन्द्र कुमार कुमारी सोलहों श्रृङ्गार से सुसज्जित होकर परस्पर एक दूसरे को देखते हुए एक के लिये एक परस्पर सजीवनी बूँटीवत् हो रहे हैं। इन दम्पति के परस्पर एक-एक अंग की सौन्दर्य कला समूह रूपी अमृत सागर में नारियों के नेत्र बूड़ जाते हैं उनकी नीवि बारम्बार शिथिल हो जाती है, वस्त्र खुल-खुल जाते हैं, शिर की वेनी बिखर जाती है, शरीर में रोमांच हो जाते हैं और वे जमुहाई लेती हैं। सब सात्विक दशायें उत्पन्न हो जाती हैं॥ ४२०॥

शिरसिचन्द्रिकाभालभूषणम् सुकच पट्टिका रत्न गुम्फिता।
सुतन्तु रञ्जिता नील शाटिका सुमुखि कामिता भाति नीविका॥४२१॥

अर्थ :—हे सुमुखि ! श्री किशोरी जी के शिर में चन्द्रिका झलके बन्दी, वेंदा आदि भूषण, सुन्दर अलकावलियों में रत्नगुंफित स्वर्ण पट्टिका और गौर श्रीविग्रह में नील साड़ी रत्नों की कर्धनी से अत्यन्त सुशोभित नीवी मन को आकर्षित करती है ॥ ४२१ ॥

सुगिरिमस्तके मेघमालिका किमु सुचन्द्रिका चन्द्र धञ्चिता ।
शुचिविहारिका रात्रिपुंजिका सविधुखण्डिका राग रञ्जिका ॥४२२॥

अर्थ :—माथे पर चन्द्रमा के प्रकाश को भी तिरोभूत करनेवाली प्रकाशमान चन्द्रिका, अलकारूपी मेघ मण्डल के ऊपर कैसे शोभित हो रही है, मानो रात्रि के अन्धकार के पुञ्ज के ऊपर अति अनुराग से अनुरागित कोई विलक्षण चन्द्रमा के खण्ड सुवर्ण शिखर के ऊपर शृंगार रस समुद्र में तैर रहे हों। यहाँ नील साड़ी शृंगार रस समुद्र है और चन्द्रिका चन्द्र खंड है और श्री किशोरी जी का श्रीविग्रह ही स्वर्ण पर्वत है ॥ ४२२ ॥

सुपतिपाशिका रत्नगुम्फिता सखि विहारिका सूरकन्यका ।
विधुसमाकुलाहंस मण्डिता किमुमुदेस्तुनो सर्वदा स्वयम् ॥४२३॥

॥ श्री प्रियाजु के शिर में मणिमोती रत्न जड़ित नील साड़ी का वर्णन ॥

अर्थ :—हे सखि ! दोनों किनारे रत्नों से निर्मिता बीच धारा में चन्द्रभाओं की भीड़ बीच-बीच में तारामण्डल को वहा कर अपने प्रीतम के लिये सुखमय जाल बिछाई हुई क्या यह सूर्यकन्या श्री जमुनाजी तो स्वयम् हम लोगों को हमेशा सुख देने को आई है ? ॥ ४२३ ॥

सशिशुमारकः सोडुकोविधुः किमु सुसेवते जानकी मुखम् ।
शिवख सिन्धुषूष्यात्रदक्षिणःसुमुखि लांछनंत्यकुमिच्छति ॥४२४॥

अर्थ :—श्री प्रियाजी के मस्तक में बिन्दी और माँगलर तथा चन्द्रिका तीनों के रूपक का वर्णन है कि शिशुमार और तारामण्डल के सहित बीच में यह चन्द्रमा श्री प्रियाजी के श्रीमुख की सेवा करने आया है ? मानों चन्द्रमा को शिवजी के मस्तक में और आकाश में तथा समुद्र में रहने से कहीं पर भी कलंक नाश नहीं हुआ तो हे सुमुखि, बहुत होसियार यह चन्द्रमा अब प्रियाजी की शरण में आकर अपनो कलंक को त्यागना चाहता है। चद्रिका चन्द्रमा है माँगलर शिशुमार है बिन्दी के मोती हीं तारामण्डल हैं ॥ ४२० ॥

कमलनेत्रक भ्रूसुकुन्तलाः सखिसुनासिका भाति मञ्जुला ।
किमु सरोजयोः षट्पदावलिः सपदियुद्धयते कीर वारिता ॥४२५॥

अर्थ :—हे सखि श्री प्रियाजी के मुखचन्द्र में कमल सदृश दो नेत्र ऊपर में सुन्दर भृकुटी दोनों कपोलों के पास सुन्दर अलकाबली, नाशिका में नासामणि अत्यन्त ही सुन्दर लग रहे हैं, मानों दो कमलों के दोनों तरफ भँवरों की भीड़

युद्ध कर रही हो और ताता उनके झगड़ों को छुड़ा रहा हो ॥ ४२५ ॥

सुमणि भूषणं कम्बु कण्ठके पदिक मौक्तिकं काच भूषणम् ।
लसति दैवतैः किमु यमश्वसा सरवि चन्द्रमा मेरु सेवते ॥४२६॥

अर्थ :—संख-सदृश कंठ में नीलमणि की गलपोती और भी सुन्दर मणियों की चम्पाकलि, चन्द्रहार, पदिकहार, मोतियों के हार, मुक्ताओं के हार, अत्यन्त सुशोभित हैं, मानों श्री यमुनाजी सूर्य चन्द्र आदि देवों के साथ सुमेरू पर्वत पर शोभित हो रही हो। यहाँ नील गलपोती यमुना, कानके तरवन और चन्द्रहार आदि, सूर्य चन्द्रादि देवता हैं। श्री किशोरी जी के श्रीविग्रह सुमेरू पर्वत है और कण्ठ शिखर है ॥ ४२६ ॥

सुमुखि कर्णयो रत्नफुल्लकौ किमुवृषस्थकौ भानुमण्डलौ ।
मदनभूपतेश्चर्मणीकिमु विलसतः सूगण्डातपत्रकौ ॥४२७॥

अर्थ :—हे सुमुखि ! श्री प्रियाजी के दोनों कर्ण में रत्नों के फूल क्या वृषराशि के ये दो सूर्य मण्डल है। अथवा मदन रूपी महाराज की दो ढाल स्वरूप कपोलों के शिखर छत्र शोभित हैं ? ॥ ४२७ ॥

उरसिहारकं भाति लम्बितम् सवनमालया कञ्चुकी शुभा ।
किमुवियत्सरिच्छ्री शिवोपरि कुशुमपङ्कजैःशैवलैःसह ॥ ४२८ ॥

अर्थ :—श्री प्रियाजी के बक्षस्थल में नील कंचुकी के ऊपर हृदय में मोतीहार बनमाला अत्यन्त प्रकाशित हो रहे हैं, मानों शिवजी के ऊपर आकाश गंगा सिवार और कमलों के सहित बहकर आई हो। यहाँ बक्षस्थल शिव, नील कंचुकी शिवार हैं, मोतीलर आकाश गंगा है और पदिक हारबन माला कमल हैं ॥ ४२८ ॥

सरसवेणिका भाति गुम्फिता शुमणि मौक्तिकैः पुष्पसंचयैः ।
नृपशुतस्य किं सुत्रिवेणिका सुरति वर्धिनी पाप मोचिनी ॥ ४२६ ॥

अर्थ :—श्री किशोरीजी की रसीली चोटी विविध प्रकार की मणि मोती और सुन्दर पुष्पों से गुंथी गयी है ऐसा लगता है कि मानों महाराज कुमार के सुन्दर अनुराग को बढ़ाने के लिये और उन स्वतन्त्रतारूपी पाप को छुड़ाने के लिये यह सुन्दर त्रिवेणी है, जहाँ स्नान करने से श्री प्रियाजी के आधीन हों रहेंगे ॥ ४२९ ॥

मृदुल भुजलता भूषणान्विता नृपसुतस्य कंठोपरिस्थिता ।
शुरति रोपिता मन्मथा किमु भुवनकामिता दातुमुत्शुका ॥ ४३० ॥

अर्थ :—हे सखि ! श्री प्रियाजी की सुभूषित कोमल भुजलता श्री राज राजेन्द्र कुमार के कंठ के ऊपर कैसे सुशोभित है, मानों सारे ब्रह्माण्ड के मनोरथों को पूर्ण करने के लिये उत्सुक हुई रति कामदेव को बाँधी हुई हो ॥ ४३० ॥

सितमणि स्फुरद्भूषणैः शुभै विलसितौकरौ सारसोपरि ।
मधुप संहतिनृत्यति स्फुटं किमु मुदान्विता गान कोविदाः ॥ ४३१ ॥

अर्थ :—नीलमणि की अँगुठी आदि अनेक भूषणों से भूषित श्री प्रियाजी के कर कमल ऐसे सुशोभित है, मानों संगीतज्ञ भँवरों के झुँड आनन्दमग्न होकर कमलों के ऊपर नृत्य कर रहा हो ॥ ४३१ ॥

सुकरयोः प्रिये मौक्ति स्रजौमृदु तरांगुली मुद्रिका किमु।
सुमुखि सेवते कौमुदी युतः सरसिजं तमस्त्यज्य सोमकः ॥ ४३२ ॥

अर्थ :—हे प्रिय सखि! श्री किशोरीजी के सुकोमल करकमलों में पान व मुद्रिकाओं से जुटी हुई मोतियों की लड़ ऐसे लग रही हैं, मानो चन्द्रमा अन्धकार को त्याग कर अपनी कोरणों सहित कमल की सेवा करने के लिये आया हो। यहाँ अँगुठी के नील नग अन्धकार हैं, अंगुठी व पान चन्द्रमा है, मोतीलड़ किरण है और हाथ कमल है, चन्द्रमा का कमल से विरोध त्यागना अन्धकार को त्यागना है॥ ४३२ ॥

सुकर रेखिका गन्ध तल्पिका सुपतिचुम्बिता भाति मन्यते।
ससखि वाचयत्यात्मनः परं विधिमहो पुनस्तां सुजिघ्रति ॥ ४३३ ॥

अर्थ :—श्री प्रियाजी के करकमलों की जो ललित रेखायें हैं वे सुगन्ध के पर्यङ्क है, रसीले प्रीतम द्वारा सुचुम्बित है, हे सखि! ऐसे जान पड़ता है कि प्रीतम अपने सुख की विधाता मानकर हाथ देखने वाली सखियों से उन रेखाओं को पढा कर फिर स्वयं सूघंते हैं और अपने को बड़भागी मानते हैं ॥ ४३३ ॥

शुचिसरोवरोद्भुत निम्नगा सुपति मानसं स्नातुमागता।
किमुसुमन्दिराट्टालिकानवा मदन भूपति क्रीड़िता मुहुः ॥ ४३४ ॥

अर्थ :—श्रृङ्गार रस सरोवर से उद्भूत उदरस्थ रोम राजी रूपीनदी मानो श्री प्रीतम के मनरूपी महाराज के स्नान के लिये आई हो, जिसमें प्रथम मदन महाराज बार-बार स्नान किये हैं और उस नदी के दोनों तट पर अनेक प्रकार के नये नये मन्दिर अट्टालिकाएँ हों यह बक्षस्थल के रूपक हैं ॥ ४३४ ॥

सुतनुसुन्दराधः पटंनवं रसनयाद्भुतं भाति नाद्दितम्।
किमुसुरालयं रत्नकाम्यया सखिगताश्रयं राजहंसकाः ॥ ४३५ ॥

अर्थ :—हे सखि। अद्भुत नवीन कमर करधनी की किंकिणियों से गुँजित श्री प्रियाजी के कमर की नील साड़ी अत्यन्त सुशोभित हो रही है, मानों राजहंस अनेक रत्नों की कामना से स्वर्ग में जाकर स्तुति पूर्वक आश्रयण कर रहे है।।४३५।

रसमयाद्भुताबूरुयुग्मकौकिमुमनोभवस्तम्भकौ नवौ।
सुपतिवारणस्वान्तबन्धनं विलसितः स्फुटं क्रतुमुघतौ ॥ ४३६ ॥

अर्थ :—अद्भुत सुन्दर रसमय दोनों जंघायें मानो कामदेव के दो नवीन स्तम्भ हो, मानो रसीले पति के मनरूपी मत्तगज को बाँधने के लिये ही उपस्थापित किये गये हों जो अत्यन्त प्रकाशित हो रहे हैं ॥ ४३६ ॥

लसतिसत्रिवल्यंग सत्तटामदननिम्नगा श्वासवीचिका।
किमुसुनाभिका वर्तरंजिता शुचिसुरूपका ग्राहर्भातिका ॥ ४३७ ॥
अर्थ :—श्रीप्रियाजी के उदर की त्रिबली रेखारूप कामदेव की नदी श्वांस रूपी तरंगों से तट तरंगित हैं। नाभीरूपी भँवर से शोभित अद्भुत सौन्दर्य रूपी ग्राह से प्रीतम के मन को खींचनेवाली कहीं किशोरी जी मान न कर जाएं अतः भयानक हैं ॥ ४३७ ॥

सुतनुरोम सौराजशैवला कुच सुचक्रवाकान्वितामला।
सुरसनाद्भुता रत्नमीनिका प्रियमनो गजानन्दकारिका ॥ ४३८ ॥
अर्थ :—फिर श्री विग्रह के रोमावली रूपी शेवार से और बक्षस्थल रूपी निर्मल चकवा चकवी से अद्भुत सुन्दर कमर करधनी के रत्न रूपी मछलियों से और श्री प्रीतम के मनरूपी मतवाले गजेन्द्र के स्नान के लिये श्री प्रियाजी का श्री विग्रह गम्भीर नदी है ॥ ४३८ ॥

सरसजानुनी कामयन्त्रकौ किमुसुजंघकौ कोमलौशुभौ।
किमुसुकेतकी कोरकौ सखि किमुनिषंगकौ मार भूपतेः ॥ ४३९ ॥
अर्थ :—अत्यन्त सुन्दर जानुनी (घुठने के नीचला भाग) और सुकोमल जंघा ये दोनों क्या काम के यन्त्र हैं अथवा केतकी की दो कलियाँ हैं ? अथवा काम के दो तूणीर हैं ? जो अत्यन्त सुन्दर हैं ॥ ४३९ ॥

सखि सुगुल्फकौ नूपुरान्वितौ कटकमण्डितौ शोभितौकिल।
कलरवाद्भुताश्चित्र भित्तिको परि पठन्तिकिं नारिदिग्जयम् ॥ ४४० ॥
अर्थ :—हे सखि! सुन्दर नूपुर और कड़ों से भूषित चरणों के गुल्फ उनके चलने में मनोहर आवाज करते हैं सो जैसे अद्भुत चित्रकारी युक्त दिवाल पर कलहंस स्त्रियों की दिग्गविजय को पढ़ रहे हों। यहाँ महावर युक्त चरण ही चित्रित दिवाल है ॥ ४४० ॥

प्रिय मनोगजालीनकौ किमु कमल दण्डकौ हंसवृन्दकः।
सुमुखि सेवते चारुनादितो मधुनिपीय किं संस्पृहोमुहः ॥ ४४१ ॥
अर्थ :—हे सुमुखि। प्रीतम के मनरूपी मदमत्त गजेन्द्र को बाँधने के लिये श्री प्रियाजी के चरणों के नूपुर क्या जंजीर हैं अथवा नूपुर रूपी हंसों के समूह मधु का पान कर पुनः पीने के लिये सुन्दर गुँजार करते हुये कमलनाल की सेवा करते हैं। चरणों से ऊपर का भाग रूपी कमलनाल है ॥ ४४१ ॥

सुजतुरंजितं पादपंकजं सुमुखिराजते हंसकैर्वृतम्।
नखमणि स्फुरत् कान्तिसम्भृतं चरणपत्रकैः सुष्ठुसज्जितम ॥ ४४२ ॥
अर्थ :—हे सुमुखि ! महावर की सुन्दर रचनायुक्त श्री प्रियाजी के चरणकमल की अँगुली की नखमणि चन्द्रिका की दीप्ति, नूपुरों के गुँजार मानों कलहंस सदृश

आवाज है और सखियों द्वारा अनेक प्रकार के चित्र पत्र रचना युक्त चरण अत्यन्त मनोहर हैं ॥ ४४२ ॥

कमलतल्पके चन्द्रमाःकिमु सयनमालिकि कृत्य सादरम् ।
सहजमात्मनों वैर सन्तति त्यजति बन्दनां कुर्वते मुहुः ॥ ४४३ ॥

अर्थ :—हे आलि ! श्री प्रियाजी के चरणकमल के नूपुरयुक्त अँगुलियों की नख-मण्डली ऐसी प्रकाशित हो रही है मानों चन्द्रमा ने अपनी सहज बैर की परम्परा को त्याग कर कमल को अपना पर्यङ्क बना लिया हो और आदर करता हुआ बारम्बार बन्दना भी करता हो ॥ ४४३ ॥

इतिसुमण्डिता भाति सुन्दरी हरति मानसं नैव मुंचति ।
हँसति वीक्ष्यते चाटुवक्ति च द्वश मथात्मनो कुर्वते किल ॥ ४४४ ॥

अर्थ :—इस प्रकार अत्यन्त सुन्दरी श्री प्रियाजी श्रृंगारयुक्त प्रकाशमान होकर प्रीतम के मन को हरण कर रही हैं, छोड़ती नहीं, वे जब हँस की कटाक्ष पूर्ण दृष्टि से देखती हैं और कुछ चुटकीले बचनों को बोलती हैं तो सब समाज की आत्मा को कैसे तो वश में कर लेती हैं ॥ ४४४ ॥

॥ श्री प्रीतमजू के श्रृङ्गार का वर्णन ॥

शिरसिपट्टिका रत्नभूषण मरूणमंञ्जुलं शिर्षवेष्टनम् ।
किमुतमालके भौमसंयुतो लसतिखं परित्यज्य चन्द्रमाः ॥ ४४५ ॥

अर्थ :—श्री प्रीतम के मस्तक में लाल रंग है जिसमें श्वेत पट्टिका और विविध प्रकार की मणियाँ बड़े कलापूर्ण ढंग से जड़े गये हैं ऐसा लगता है मानों मंगल के सहित चन्द्रमा आकाश को त्याग कर तमाल वृक्ष के ऊपर बैठा हो ॥ ४४५ ॥

रूचिरभालकं भ्रू युगं तति तिलकरेखिका भातिचित्रिका ।
किमुसितोत्पले ग्वाशुसज्जितं मदन भूपते र्बाणयुग्मकम् ॥ ४४६ ॥

अर्थ :—हे सखि । सुन्दर भाल पर दो भृकुटियों के उपर से तिलक की दो रेखायें अत्यन्त चित्रकारिता के साथ ऊपर को गयी हैं ऐसा लगता है कि काम-देव ने नीले चट्टानों के ऊपर दो धनुष और बाण सजकर तैयार किये हों । भृकुटी धनुष, केशर तिलक दो वाण कपोल नीलमणि की चट्टान और नेत्र ही कामदेव है ॥ ४४६ ॥

सुमुखि विस्तृता भांति कुन्तला नयन पंकजा वजनाञ्चितौ ।
मधुलिहोविधौ पुष्करौ स्फुटौ किमुर्व्वाविस्मितौ वीक्ष्य मौनिनः ॥ ४४७ ॥

अर्थ :—हे सुमुखि ? श्री प्रीतमजी के मुखचन्द्र में दो नेत्र अञ्जन युक्त और कपोलों पर आच्छादित घुँघराले जुल्फ ऐसे सुन्दर लग रहे हैं मानों भ्रमरों की भीड़ चन्द्रमा रूपी सरोवर में प्रस्फुटित दो कमलों को देख चकाचौंध में पड़कर मौन हो गयी ॥ ४४७ ॥

सुचि सुकर्णयोः रत्नकुण्डले सितगिरिस्फुरत् प्रस्तरोपरि ।
किमु कलापिनौ मन्मथान्वितौ विरुतमद्भुतं नृत्यतः विल ॥ ४४८ ॥

अर्थ :—प्रीतम के सुन्दर दोनों कानों में रत्नों के कुण्डल कपोलों पर ऐसे सुशोभित हो रहे हैं, मानों नील पर्वत शिखर पर नील पत्थर की चट्टान में दो काम के मयूर मदन के सहित बिना कल्लोल के ही अद्भुत नृत्य कर रहे हों । श्री प्रीतम ही कामदेव हैं, कुण्डल मयूर, और कपोल चट्टान और मरतक नीलगिरी शिखर है । ॥ ४४८ ॥

सरसकण्ठके स्वर्णभूषणं विविधपुष्पसद्रत्नमौक्तिका ।
उरसिभाति सा पीनकोन्नते सुचिमतीनवा दाममालिका ॥ ४४६ ॥

अर्थ :—सुन्दर श्यामकण्ठ में सुवर्ण के अलंकार और अनेक रंग की पुष्प की रत्नों की मोतियों की मालाएँ पुष्ठ विशाल श्याम बक्षस्थल में अत्यन्त सुन्दर लग रही हैं ॥ ४४९ ॥

मृदुसुभूमिजा वाहुवल्लरी कुपजनीलवृक्ष्यांशकेरता ।
शुचिगिरिस्फुरच्छङ्गतो द्भुता किमु ख निम्नगा निः स्वनापतत् ॥ ४५० ॥

अर्थ :—पृथ्वी पालक महाराज कुमार के कंधे में श्री भूमिजाजी की सुकोमल भुजलता ऐसे लग रहे हैं मानों श्रृङ्गार रस रूपी नील गिरि के शिखर से अद्भुत आकाश गंगा की धारा बिना ध्वनि के हीं पृथ्वी पर आरही हों ॥ ४५० ॥

नरवरात्मज प्राण वल्लभा वसति तच्छला द्राज नन्दिनी ।
किमकुजास्मित श्रेणी सन्ततिर्जन मनांसि किं भाति वक्ष्यसि ॥ ४५१ ॥

अर्थ :—अथवा श्री महाराज कुमार की प्राणवल्लभा इस माला के ही ब्याज से कंठ से लगी हुई हों अथवा श्री प्राणवल्लभाजी के मन्द मुस्कान ही हार बन गयी हों किंवा सज्जनों के निर्मल मन ही श्री प्रीतम के गले के हार बन गये हों ॥४५१

रूचिरनासिका मौक्तिकं शुभं सरस वर्तुलं गण्डयोर्युगम् ।
सखिसुदाड़िमं श्री शुकोस्ति किं जनक नन्दिनी दर्पण किमु ॥ ४५२ ॥

अर्थ :—श्रीप्रीतमजी के दर्पण सदृश रसीले गोल दोनों कपोल और सुन्दर नासिका तथा नासामणि ऐसे हैं कि हे सखि, क्या यह श्रीजी का तोता सुन्दर दाड़िम के बीज लेकर श्री जनकनन्दनीजी के दर्पण के पास में आ रहा है ? ॥ ४५२ ॥

विलसितौ भुजा वंगदान्वितौ सुमणि भोगिनौ नारिदंशकौ ।
किमुसुभूमिजा सोपधानकौ मदन हस्तिनः किं करादूभुतौ ॥ ४५३ ॥

अर्थ :—बाँह बिजायठ के सहित प्रीतम के दोनों भुजायें ऐसे सुन्दर लग रही हैं मानों कामिनियों को डसने के लिये फन फना रहे हो । अथवा श्री भूमिजाजी के दो तकिया हों अथवा कामदेव के गज की अद्भुत दो सूंड़ हों ॥ ४५३ ॥

मदन भूपतिः प्राप्तदिग्जयः परिघ शंसमौ लोकमोहनौ।
किमु कलावती भूमिजाकृते विधिमुनिर्मिते वेलवीरुधौ ॥ ४५४ ॥

अर्थ :- अथवा सम्पूर्ण लोक को अंधकार में कल्याण दिखा कर विश्व को मोहित करने वाले कामदेव महाराज के दो परिघ तो नहीं है अथवा श्री भूमिजाजी के क्रीड़ा के लिये महाकलाकुशल ब्रह्माने सुन्दर फैलने वाली दो लताओं का निर्माण किया है ? ॥ ४५४ ॥

समणिरत्नजाम्बूनद स्फुरत् कटक चारु हस्त द्वयं ध्रुवम्।
वसति पंकज स्कन्धयो स्तडिच्चपलतां किमु त्यज्यनित्यदा ॥ ४५५ ॥

अर्थ :- श्रीप्रीतम के दोनों हाथों में जाम्बूनद स्वर्ण के कंकण सुन्दर मणिरत्नों से जड़े हुए अत्यन्त सुन्दर लग रहे हैं, मानों बिजली अपनी चपलता को त्याग कर सदा के लिये कमलों के कन्धे पर निवास कर रही हो ॥ ४५५ ॥

उदर सत्त्रिवल्यातति सखि सरस निम्ननाभीयुताद्भुता।
सुमुखि तांमुहुः किन्नपश्यति कुरुदृगुत्सवं मुञ्च्य सर्वकम् ॥ ४५६ ॥

अर्थ—हे सखि ! अत्यन्त सरस नाभि के सहित उदर की रेखा तीन त्रिवली पंक्तियों को क्यों नहीं देखती है। हे सुमुखि सब कुछ त्याग कर अपने नेत्रों के उत्सव स्वरूप नाभि के समीप की त्रिवली को देख ॥ ४५६ ॥

किमु सरिद्धि सौन्दर्य भूभृत स्त्रिपथ गामिनी कूल वीचिका।
मुखविधोः सुधां पातुमुत्कृतं जनकजा सुसोपानवर्त्मकिम् ॥ ४५७ ॥

अर्थ—हे सखि ! ये त्रिवली है अथवा सौन्दर्य रूपी गिरी के ऊपर तीनों लोकों में जानेवाली गंगा की तटवर्ती लहर हैं ? अथवा श्री प्रीतम के मुख चन्द्र रूपी चन्द्रमा के अमृत को पीने के लिये श्री जनकजाजी की सुन्दर सीढ़ियाँ हैं ? ॥४५७॥

गुरु नितम्बके पीत मंशुकं तनु कटिस्फुरद्रत्नमेखला।
किमु धनान्तरा चञ्चला स्थिरा किमुसुसुन्दरी राग सन्ततिः ॥ ४५८ ॥

अर्थ—ऊँचे नितम्बों के ऊपर सुन्दर पीताम्बरी उस के ऊपर कमर की मणिमय मेखला (करधनी) ऐसे लग रही हैं मानों मेघ के बीच में चपला स्थिर हो गयी हैं और उसके ऊपर देवांगनाएँ विविध प्रकार के रागपूर्ण गीत गारही हों ।४५८॥

सुकर रेखिका स्वंगुलीयकं नखमणिप्रभा बृन्द संभृतम्।
विवशमालि किं कुर्वते मम सुमुखि दर्शयन् मोहकं मणिम ॥ ४५९ ॥

अर्थ – हे आलि। प्रीतम के करकमलों की रेखा अंगुलियों की नख, मणि सदृश प्रकाश करने वाली हे सुमुखि, हम को क्या मन मोहक मणि दिखा कर क्या अपने अधीन कर लोगी ? ॥ ४५९ ॥

करभकोरुक द्वन्द्वमालि किं शुचि सुभूपते श्चारु मोचिके।
सुरति मन्मथा रोपितौ किमु सरससुन्दर स्तम्भकौ सखि ॥ ४६० ॥

अर्थ—हे सखि। श्री प्रीतम के दोनों ऊरु हाथी के सूंड़ की समान हैं मानो श्रृंगार रस महाराज के सुन्दर दो कदली वृक्ष हो अथवा कामदेव ने रति के मंदिर में दो रसीले स्तम्भ की रचना की हो ॥ ४६० ॥

मृदुलजानुनी जंघयुग्मकं किमु रतिस्मरोयुद्धयेषुधिः।

कनक नूपुरं रत्नरञ्जितं लसति पद्मयोः श्रीमदा तहिम् ॥ ४६१ ॥

अर्थ—श्री प्रीतम के सुकोमल जंघा और जानु ऐसे लग रहे हैं, मानो काम और रति को युद्ध में काम देने वाले दो तुणीर हों। श्री चरणों में सुवर्ण और रत्नों के नूपुर के शब्द श्रीजी के अभिमान को मर्दन कर रहे हैं ॥ ४६१ ॥

नखमणिस्फुरत् पादशाखिवाः किमुसुधाकणाः श्रीलतांकुराः।

किमुहिपितृस्वश्रुश्चारुमन्दिरे शिशुसुधांशवः स्वागतारसात् ॥ ४६२ ॥

अर्थ—श्री चरणों की अंगुलियों के नखों की पंक्ति मणियों की भांति प्रकाशित है। मानों श्रीजी के लता के अंकूर हों उनमें ये अमृत के बून्द हों अथवा यमुना जी के घर में खेलने के लिये चन्द्रमा के बच्चे बड़े प्रेम से आये हों ॥ ४६२ ॥

चञ्चला कनककुंकुंम चम्पा केतकी कुसुम पंक्तय आरात्।

रंजिता जनकजा तनुवर्णा तिष्ठते गुणिनि शुष्ठुगुणंहि ॥ ४६३ ॥

अर्थ—श्री प्रियाजी के श्री चरणों का वर्णन श्री किशोरी जी के चरण के प्रकाश के सामने बिजली सोना, कुम्कुम्, चम्पापुष्प, केतकी पुष्प आदि सब एक साथ हों तो जैसे गुणियों में गुण प्रवेश कर जाते हैं वैसे ही इन को शोभा किशोरीजी के अंग में प्रवेश कर जाती है ॥ ४६३ ॥

निर्जिता जनकराज शुताया गौरवा द्वनभरं विविशुः।

किं मानभंग अनुयान्ति सतोहि दूरमालि शरणं मरणम्वा ॥ ४६४ ॥

अर्थ—हे आलि। वे बिजली, सोना, कुमकुम आदि श्री प्रियाजी के चरण, शरण, समीप में आये तो इनकी चरण शोभा के सामने ये सब पराजित हो गये। अपनी गौरव का मान भंग जान कर शीघ्र जंगलों में चलेगये क्यों कि सज्जन लोगों का मान भंग हो जाने पर भाग जाना, अथवा शत्रु के शरण में जाना मरने के तुल्य होता है ॥ ४६४ ॥

मेघ नीलमणि केकि गलाद्या नील पंकज गणातसिकाद्याः।

राम कान्ति कलयापि रञ्जिता निर्जिताः समभवन् वनवासाः ॥ ४६५ ॥

अर्थ—इसी प्रकार मेघ, नीलमणि, मोर का गला, नील कमल, अलसी का पुष्प आदि भी श्री प्रीतमजी के अंग कान्ति की कला से प्रसन्न थे समीप में आने पर पराजित होने पर मान भंग हुआ तो सब जंगलों में भाग गये ॥ ४६५ ॥

सौवेष्यं सखि वीक्ष्य वीक्ष्य रसिकाः कामं तयो रसादरं,
निम्लोचन्ति च पक्ष्म पालि मतनु स्यन्दन्मनोवृत्तयः।
वृक्षादि भ्रमराः खग मृगगणा रूपं मुहुस्तावपि,
वृत्तिं चन्द्र चकोरयोरगमतां सम्वीक्ष्य वेषं मिथः ॥ ४६६ ॥

अर्थ —हे सखि सुन्दर श्रृंगार युक्त युगल सरकार को देख-देख कर मनोवृत्तियों को मदनदेव का रथ बना कर रसिक जन सादर मनमाना दर्शन करते हुये नेत्रों के पलक को नहीं गिराते हैं। और वृक्ष, भ्रमर, पक्षी, मृगवृन्द आदि भी इस सौन्दर्य रूपी दर्शन में तथा दोनों सरकार भी आपस में श्रृंगार सुधारते हुए एक दूसरे को देखते हैं मानों चन्द्रमा में चकोर की वृत्ति को परस्पर में दोनों प्राप्त कर गये हों ॥ ४६६ ॥

॥ कलेऊ का वर्णन ॥

स्नेहात्तौ विवशौ निरीक्ष्य चकितं तूर्णं सखि स्वाङ्कके,

दध्रेतावपि सम्मदोदय जलादर्घ्यं मिथः पाद्यकम् ।

अंगस्पर्श मिथोविधाय मधुरं सौगन्ध्य पुञ्जकिल

धूपंतं रसिक द्विरेफ निचयाः कामंपिवन्त्यादरात ॥ ४६७ ॥

अर्थ :- हे सखि श्रृङ्गार के पश्चात् परस्पर निरीक्षण से स्नेह परवश होकर दोनों सरकार परस्पर एक दूसरे को अपने अंग में बैठा कर आनन्द की बाढ़ में तरंगित हुए स्नेह के जल से, अर्घ, पाद्य करके परस्पर अंग स्पर्श रूप सुगन्ध का विधान करके धूप कर रहे हैं रसिक भक्तजन रूप भँवरों की भीड़ बड़े आदर पूर्वक इच्छापूर्ण रूप से इस शोभा रस सुधा का पान कर रहे हैं ॥ ४६७ ॥

दीपं रूप वितान मालि रचयन् माधुर्य रूपं मुहुः,

कुर्वन् माधति गायति प्रवदति प्रीत्या गिरोतिप्रियाः ।

सीताराजवरात्मजो प्यधरयोः पाना चमनं प्रार्थयन्

दत्तं स्नेहमयं मनोहर तरं ताम्बूल गुच्छं मुहुः ॥ ४६८ ॥

अर्थ :—हे आलि। श्री प्रिया प्रीतमजी परस्पर सौन्दर्य रूप के वितान तान कर फिर माधुर्य रस रूप दीप की रचना करके अत्यन्त अनुरागमय वाणि से प्रेम पूर्वक परस्पर बातें कर और मधुर गान कर आनन्दित होकर बारम्बार अधर पान रूपी आचमन कर अत्यन्त मनोहर स्नेहमय पान के बीड़े को प्रार्थना कर एक दूसरे को दिया ॥ ४६८ ॥

॥ राज भोग का वर्णन ॥

स्नेह-स्नेह शुगन्धितांग निचयोः सख्यो वभञ्जुस्तृणान्,

वीक्ष्यार्ध्यादि च कृत्य भोग निचयं सम्पाद्य तस्थुर्मुदा ।

अन्योन्यं मृदुभोजयन् रतिवशादुन्मत्तचितौ च तौ,

सम्बीक्ष्याऽशुभानना शुमुखयोर्ग्रासं ददाति प्रियम् ॥ ४६९ ॥

अर्थ :—स्नेह रूपी सुगन्धित तेल में स्निग्ध दोनों सरकार को अर्घपाद्यादिक भोग कार्यों को परस्पर किये हुए देख कर सखियाँ आनन्द मग्न होकर तृण तोड़ती हैं और भोग की वस्तु को सुन्दर थाल में लाकर रख दिया तो स्नेह परवश विभोर

चित्त हुए दोनों सरकार आपस में ही एक दूसरे को कोमलतापूर्वक भोजन कराने लगे। प्रसन्न बदना सखियों ने दोनों प्रिय के इस दृश्य को देखा तो स्वयं भी सप्रेम सुन्दर ग्रासों को दोनों प्रिय के सुन्दर मुखों में देती हैं ॥ ४६९ ॥

॥ श्री युगल सरकार के झूला की झाँकी ॥

गृहीतः सखिवीटिकां शुमधुरां स्वादूदकै र्वासितैः

राचम्याथ मनोजकार्मुक युग भ्रूवल्लि सौगन्धकम्।

आन्दोलोत्तर चारुचित्रक शय्यांतौ दोलितौ मत्तया,

सानन्दं मुखपद्मपान रतया श्रंसद्‌दुकूलश्रिया ॥ ४७० ॥

अर्थ :—हे सखि स्वादिष्ट सुगन्धित जल से आचमन करके और सखियों के ही द्वारा सुन्दर पान बीड़ा को ग्रहण कर कामदेव के धनुष सदृश भृकुटि से परस्पर स्नेह सुगन्धित होकर सुन्दर चित्रकारिता युक्त शैय्या में आनन्द विमत्त हुई सखियों से झुलाये गये दोनों सरकार को देख कर पान पाती हुई सखियों की भी आनन्द विभोरता से अंग के वस्त्र फिसलते हैं ॥ ४७० ॥

॥ श्रृङ्गार और आरती की झाँकी ॥

छत्रंकापि चलोच्च पीन शुकुचाधत्ते शशांक द्युतिं,

काचित्स्तब्धकुचा मनोज मधुरं श्रीमन्मुखाकामिनी।

लोलाक्षी व्यजनं चकोर नयने कूजत्स्फुरत्कंकणे,

भासातन्मुखचन्द्रयोः प्रमुदिते धत्तःशुभे चामरे ॥ ४७१॥

अर्थ :—हे चकोर नयनी सखि। श्रृङ्गार के बाद सिंहासन में बैठे हुए दोनों सरकार को पुष्टवक्षोजा चञ्चल नेत्रा कोई सखी चन्द्रमा सदृश प्रकाशमान छत्र दोनों सरकार को लगा कर खड़ी है। कोई कठिन बक्षोजवाली श्री युगल सरकार की श्री मुख शोभा की कामिनी मधुर मनोजमय चञ्चल नेत्र वाली दोनों को पंखा करती है। कोई प्रकाशमान गुञ्जित कंकण धारण कर दोनों सरकार के मुख-चन्द्र चकोरी सानन्द होकर सफेद चमर कर रही है ॥ ४७१ ॥

बीणां समादाय जगौ शुरूप, मखेन्दु संचार विलज्जिताब्जा।

बृक्षाः मृगाः पक्षिगणाः वयस्ये रति स्मरौ शुन्दरि संमुमूर्छुः ॥ ४७२ ॥

अर्थ :—हे समान बयस्के सुमुखि। कोई सखी हाथ में वीणा लेकर श्री प्रिया-प्रीतम के मुखचन्द्र दर्शन विलज्जित मुख वाली उस रुप की झाँकी को गा रही है। उसके गीतों को सुन कर बृक्ष, मृग, पक्षीगण, कहाँ तक कहें, रती और मदन भी विमुर्छित हो गये ॥ ४७२ ॥

जाम्बूनदांगी कलधौत पात्रे जाम्बूनदं दीप युगं विधाय।

ससर्पिषं सैन्धवगन्ध पुष्प कर्पूररा स्नाद् भुत रत्नकादीन ॥ ४७३ ॥

अर्थ :—कोई स्वर्ण सदृश प्रकाशवती सखि ने स्वर्ण की थाली में दो स्वर्ण दीपकों को घृत पूर्ण बत्ती जलाकर पुष्प कपूर राई लोन स्वर्ण रत्न भूषण वस्त्रादि आरती सजकर तय्यार किया ॥ ४७३ ॥

उत्तारयामास च दृष्टि दोषं नितम्बिनी लोल कटाक्ष पुष्पा ।
निरीक्ष शोभाम्प्रत्यंगरंग निर्मंछयामास निजं च रामा ॥ ४७४ ॥

अर्थ :—कोई सुन्दर नितम्ब वती रामाने दृष्टि दोष निवारणार्थ अपने चंचल नेत्रों से सुन्दर कटाक्ष रूपी पुष्पों की वर्षा करती हुई आरती उतारी फिर श्री युगल-सरकार के अंग-प्रत्यंग आनन्द रंगमय शोभा का दर्शन करती हुई अपने को न्यौछावर करती हैं ॥ ४७४ ॥

पुष्पांजली तास्त्रिविधैः कटाक्षैः रामासमूहाः प्रददुः प्रवीणाः ।
सुधामयं वारि सुचन्द्रकान्त पात्रेषु चोत्तार्य मुहुः पीवन्त्यः ॥ ४७५ ॥

अर्थ :—पुनः सभी चतुरी रमणी समूह सब अपनी श्याम श्वेत, अरुणार कटाक्षों से पुष्पांजली दी फिर सुन्दर चन्द्रकान्त मणि-पात्र में अमृतमय जल भर कर दोनों सरकार को न्यौछावर करके अपने ही पी गयी ॥ ४७५ ॥

सुरत्न कुंजान्तर तल्पकस्थौवितेन तुस्तौ सखिरूपतानम् ।
गायन्ति श्रृङ्गाररसरूपपानमत्ताश्चरामाः मुख चन्द्रकामाः ॥ ४७६ ॥

अर्थ :—हे सखि ! युगल सरकार के मुखचन्द्र रूपी सुधारस पान लुब्धा सखियों ने एक सुन्दर रत्नमय कुञ्ज में रूप के वित्तान तान कर पर्यंक पर दोनों को बैठा कर श्रृङ्गार रस के रूप को पान करने में मत्तवाली सखियाँ गाने लगीं ॥ ४७६ ॥

ताम्बूलकान्तिः सखि हासकान्ति निरीक्षणं चाप्यलकाभिरामम् ।
कपोल युग्मं ललिताधरं च नारी मनो विह्वलतां नयन्ति ॥ ४७७ ॥

अर्थ :—हे सखि ! पान के रंग से रंजित प्रीतम के अधर और मन्द मुस्क्यानयुक्त कटाक्षों से तथा अत्यन्त सुन्दर अलकावलियों के दोनों कपोलों में बिखरने से जो शोभा की आभा फैली है उससे नारि समूह विह्वल हो जाता है ॥ ४७७ ॥

विनिर्ममेत्यद्भुतरूपमाधुरीं श्रीजानकी चारुतनावगाधाम् ।
विरंचिनातां प्रपिबन्नयाति तृप्तिमहात्मानृपजोऽनिमेषः ॥ ४७८ ॥

अर्थ :—श्री जानकीजी के सुन्दर श्रीविग्रह में अगाध अद्भुत रूप माधुरी को विधाता ने रचा है । महात्मा श्री चक्रवर्ति कुमार इस रूप माधुरी को अनिमेष नेत्रों से पीते हुए कभी भी तृप्त नहीं होते हैं ॥ ४७८ ॥

सव्यंगुलिभ्यां चिबुकं गृहीत्वा चुचुम्ब गण्डेन नियुज्यगण्डम् ।
नतृप्तिमेतिभ्रमरेवकामं रामाप्रियस्तामरसं सुशारवम् ॥ ४७९ ॥

अर्थ :—हे सखि ! रमणियों के प्रिय ये श्री प्रीतमजी श्री प्रियाजी को अपनी गोद में बिठाकर दो अंगुली से चिबुक पकड़ कर कपोल से कपोल मिलाकर चूमते हुए

जैसे कमल के दल में बैठा हुआ भ्रमर कमल पराग से तृप्त न होता हो वैसे ही वे भी अतृप्त हैं ।। ४७९ ।। ❀ मध्याह्न शयन ❀

संश्लिष्य संश्लिष्य सरागभारा क्रान्तौ सुतल्पे पततः प्रगाढम् ।
सखीगणा स्त्वानन चन्द्रबिम्बौ पश्यन्मुखं चानुभवन्ति नित्यम् ।।४८०।।

अर्थ :—अत्यन्त गाढ सुन्दर अनुराग के भार से आक्रान्त दोनों सरकार परस्पर प्रगाढ़ आलिंगन करते हुए सुन्दर पर्यंक में शयन कर गये तो यह मुखचन्द्र बिम्ब की झाँकी को सखि समाज नित्य अनुभव करती हुई मुखचन्द्र को देखती रहती हैं ।। ४८० ।।

इत्थंकुमारौ सखि मानयन्तौ परस्परं स्नेह रसप्रवीणौ ।
कण्ठन्निगृह्याधरपानमत्तौ बभुवतुः प्रीतिरसप्रवाहात ।। ४८१ ।।

अर्थ :—हे सखि ! स्नेह रस में प्रवीण एक दूसरे का आदर करते हुए दोनों कुमार इस प्रकार परस्पर कंठ से लगे हुए प्रीति रस प्रवाह से अधर पान में मत्त हो गये ।। ४८१ ।।

उद्गाढ़ कन्दर्प सुखम्बबर्ध प्रसून शैय्योपरि राजसूनुः ।
प्रीतिं स्वरूपंच धरात्मजायां सख्यः मरार्ता मुमुहुर्निरीक्ष्य ।। ४८२ ।।

अर्थ :— श्री महाराज कुमारजी पुष्प शैय्या पर अपने अनुराग और स्वरूप को और मनोज सुख को भूमिजा श्री सीताजी में अतिशय प्रगाढ़ता पूर्वक बढ़ाये, सखियाँ युगल सरकार के प्रेम विहार को देख कर स्मर से आर्त होकर मोहित हो गयीं ।। ४८२ ।।

